राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री बागडे ने ली अलवर जिले की विभागीय समीक्षा बैठक

## प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचे – राज्यपाल

जयपुर/अलवर, 13 मई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं।

राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को अलवर जिले के मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशील रहकर केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करावे ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले।

श्री बागडे ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि नई शिक्षा नीति के प्रावधानों की जानकारी हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित करें। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के किताबी ज्ञान के साथ–साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस नीति के तहत 3 साल से अधिक उम्र के बच्चों का नामांकन करते हुए शिक्षा से जोड़ने को कहा। उन्होंने जिले में ड्रॉप–आउट विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास एवं प्राचीन ग्रंथ ज्ञान के भंडार हैं। इससे आज का युवा बहुत कुछ सीख सकता है।

राज्यपाल ने जल जीवन मिशन की जिले में प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना में नॉन फिजिबल पाए गए गांवों एवं योजना के दायरे से बाहर की ढांणियों में पेयजल व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहे इस उद्देश्य के साथ मनरेगा के तहत जल संरक्षण, चारागाह विकास, पौधारोपण आदि के कार्य अधिकाधिक स्वीकृत कराने व नरेगा कार्यों में वृद्धि करने के संबंध में दिशा–निर्देश दिये।

उन्होंने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए जनजाति वर्ग, घुमंतू व अर्ध–घुमंतू समुदायों को पात्रता अनुसार मय शौचालय आवास उपलब्ध कराने को कहा, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत दूर–दराज तक ढाणियों व छोटी बस्तियों को सड़कों से जोड़ने, पीएम कुसुम योजना व पीएम सूर्य घर योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ते हुए सोलर पैनल लगाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि काश्तकार व पशुपालकों को न केवल योजनाओं की जानकारी देवे बल्कि उन्हें इन योजनाओं से जोडकर उनकी आमदनी में बढ़ोत्तरी कर विकास की मुख्य धारा में आने का अवसर प्रदान करें।

श्री बागडे ने कृषि अधिकारी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के लाभों के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए स्वयं किसानों द्वारा मृदा की जांच करवाने हेतु लैब में सैंपल भिजवाने के लिए जागरूक करने को कहा। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, खनन विभाग, उद्योग विभाग सहित डेयरी विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर पात्रों तक लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कार्य योजना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि महिला समूहों को प्रोत्साहित कर उनके उत्पादों की विपणन, ब्रांडिंग व मार्केटिंग में सहयोग करें।

––––




सत्यमेव जयते
जिला कलेक्ट्रेट सभागार
अलवर


सत्यमेव जयते
जिला कलेक्ट्रेट सभागार
अलवर

